# हाटी मोड़ के पास भीषण बस हादसा: ऑटो को बचाने के चक्कर में पलटी 'नफीस ट्रेवल्स' की बस, 29 यात्री घायल












**सतना।** सतना से चित्रकूट जा रही एक यात्री बस मंगलवार दोपहर सड़क हादसे का शिकार हो गई। सिविल लाइन थाना अंतर्गत हाटी मोड़ के पास एक इलेक्ट्रिक ऑटो को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत कुल 29 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

### कैसे हुआ हादसा?

जानकारी के मुताबिक, नफीस ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 17-पी 1108 सतना से सवारियां लेकर चित्रकूट की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 12:15 बजे जब बस हाटी मोड़ के समीप पहुँची,तो अचानक सामने से एक इलेक्ट्रिक ऑटो आ गया। ऑटो और उसमें सवार लोगों को बचाने के लिए बस चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाए और बस को सड़क से नीचे उतारने की कोशिश की। इसी प्रयास में बस का संतुलन बिगड़ गया और वह बीच सड़क पर ही पलट गई।

### मदद के लिए मची पुकार

बस के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायल यात्री जान बचाने के लिए गुहार लगाने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए फौरन राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार और ट्रैफिक डीएसपी अपनी टीमों के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला और ऑटो व अन्य निजीवाहनों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया।

### राहत और उपचार

जिला अस्पताल में सभी 29 घायलों का मेडिकल परीक्षण कर उपचार शुरू कर दिया गया है। हादसे में 3 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। अन्य यात्रियों को मामूली खरोंचें और हल्की चोटें लगी हैं। पुलिस प्रशासन ने पुष्टि की है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है।

### घायलों की सूची

अस्पताल में भर्ती घायलों में मुख्य रूप से अंजू केवट (25),दयाशंकर केवट,श्यामचंद्र केवट,पार्वती केवट (48),रामनिवास केवट,राहुल गुप्ता (40),महेश गुप्ता,बुद्धा साकेत (62),सूरजदीन साकेत, जगत नारायण (40),राजकुमारी (40),संगीता चौधरी (35),जितेंद्र चौधरी (37),सृष्टि (10), विद्या साकेत (25),रतन वर्मा (64),सोहती कमलेश (40) और क्रांतिशरण तिवारी (47) समेत अन्य यात्री शामिल हैं। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### समानता पर्व के रूप में जन अभियान परिषद ने मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती



**सतना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार सतना जिले के सोहावल विकासखंड में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ सामाजिक चिंतक एवं व्याख्याता श्रीमती वर्षा तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी आर.एन. त्रिपाठी की उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी द्वारा की गई। मां भारती और बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण उपरांत कार्यशाला का शुभारंभ किया।

### मैहर के राजा सुपर मार्केट में भीषण आग, लाखों का सामान खाक



**मैहर।** शहर के व्यस्त राजा सुपर मार्केट क्षेत्र स्थित 'जियो स्मार्ट किराना सुपर मार्केट' में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार,आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी विकराल थी कि उसने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड और स्थानीय वार्ड वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल प्रशासन आग के सटीक कारणों की जांच कर रहा है।

### घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचायें, 25 हजार की राशि मिलेगी

**कटनी।** सड़क दुर्घटना में पीड़ित घायल व्यक्ति के सही समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने मे आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पुछताछ की जायेंगी, जिस कारण से आम नागरिक चाहते हुए भी पुलिस कार्यवाही के भय से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में ले जाने से कतराते है, किन्तु ऐसा नही है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश से राहवीर योजना लागू की गई है, ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

# संविधान निर्माता की 135वीं जयंती पर कार्यक्रमों की धूम

## सतना और मैहर में दी गई बाबा साहेब को भावांजलि




**सतना/मैहर।** भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर समूचे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। जिला प्रशासन द्वारा जहाँ भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस विशेष अवसर पर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए केंद्रीय जेल से 6 बंदियों को रिहा भी किया गया।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

जिला पंचायत के सभागार में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और अध्यक्षता कर रहे सांसद गणेश सिंह ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह,और जिला संयोजक डॉ.अरुण शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### मैहर में माँ शारदा ऑडिटोरियम में गूंजी बाबा साहेब की गाथा




मैहर के एकलव्य आवासीय विद्यालय द्वारा माँशारदा ऑडिटोरियम में जयंती समारोह का आयोजन हुआ। यहाँ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी की मौजूदगी में छात्रों ने ज्ञान और संघर्ष पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान अपर कलेक्टर संजना जैन और एसडीएम दिव्या पटेल भी उपस्थित रहीं।

### राजनीतिक दलों ने किया नमन

शहर के सेमरिया चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सुबह से ही तांता लगा रहा।भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर 'संविधान शिल्पी' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

### जेल से रिहा हुए 6 बंदी,मिली 'गीता' और 'पौधा'

डॉ.अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर केंद्रीय जेल सतना से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 6 बंदियों को अच्छे आचरण के आधार पर रिहा किया गया। जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा ने रिहा होने वाले बंदियों को अपराध से दूर रहने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की सीख दी। प्रत्येक बंदी को विदाई के समय यथार्थ गीता (आध्यात्मिक जुड़ाव हेतु) फलदार पौधा ('एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत) श्रीफल, लंच पैकेट और रिहाई प्रमाण पत्र उनकी मेहनत का पारिश्रमिक और पासबुक दी गई। रिहा होने वाले बंदियों के नाम मणिराज साकेत,रामभूषण पाण्डेय। मैहर जिला: हेतराम द्विवेदी,सुशील साकेत। पन्ना जिला: अनीश खां। शहडोल जिला: उदयभान उर्फ उदय सिंह है। इनमें से तीन बंदी-हेतराम द्विवेदी,मणिराज साकेत और उदयभान सतना की खुली जेल कॉलोनी में निवास कर रहे थे।

### संविधान प्रस्तावना की शपथ लेकर किया समरसता भोज का आयोजन



अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा सेमरिया चौक स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय तरीके से सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारियों,वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भारत के संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। सभी ने न्याय,स्वतंत्रता,समानता एवं बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इसके उपरांत समरसता भोज का शुभारंभ किया गया,जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।

# सतना में निरंकारी बाल समागम आयोजित



**सतना।** संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में निरंकारी बाल समागम का दिव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य बाल संतों को आध्यात्म से जोड़ते हुए उनमें मानवीय मूल्यों को अपनाना है। इस आयोजन में रीवा से बहन नेहा नागवानी सम्मिलित हुई। उन्होंने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे कल का भविष्य है जिनकी नींव जब आध्यात्म से जुड़ जाती है तब उनमें मर्यादित भाव और मानवीय गुणों का समावेश हो जाता है अच्छे संस्कार उत्पन्न होते है और वह बड़े होकर अच्छे और सफल इंसान बनते है। संगत में आकर सत्संग,सेवा,सुमिरन इन तीन स्तंभों से परिचित होकर जब इन्हें अपने जीवन में अपनाते है तब भक्ति की यात्रा का आरम्भ होता है। बाबा हरदेव सिंह का जिक्र जहन में आता है कि किस प्रकार वह हर किसी से प्रेम भाव रखते थे बच्चों में ईश्वर रूप देखते थे। सभी को मानवता का पाठ पढ़ाते हुए जीवन जीना सिखाया और आज सतगुरु माता भी उन्हीं की सिखलाईयो को निरंतर आगे बढ़ा रही है। एक भक्त का जीवन कैसा होना चाहिए इस भाव से हमें अवगत करवा रही है।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 25 अप्रैल तक

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 10अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार पखवाड़े के अंतर्गत जिला,विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर अनेक गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। इन कार्यक्रमों में महिला सम्मान सम्मेलन,पदयात्रा 16-17 अप्रैल,दीवार लेखन 16 अप्रैल,सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार 10 से 25अप्रैल,संगोष्ठी एवं सेमिनार 16अप्रैल शामिल हैं। इसके अलावा नगरीय निकायों में 16अप्रैल को गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा तथा 21 अप्रैल को धार्मिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक एवं सहकारी संगठनों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में 10 से 25 अप्रैल के बीच छात्र-छात्राओं के लिए नारी शक्ति वंदन विषय पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इस संपूर्ण अभियान का नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास रहेगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रमों के आयोजन के बाद उनकी जानकारी एवं फोटोग्राफ्स विभाग को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।



### मातृशक्ति को 'याचक' से 'नायक' बनाने वाला ऐतिहासिक कदम : प्रतिमा बागरी

**सतना।** मध्यप्रदेश की नगरीय निकाय एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2026' को देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि दशकों से प्रतीक्षित सामाजिक न्याय का वह संकल्प है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरातल पर उतारा है। राज्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि कुछ निर्णय राष्ट्र का भाग्य बदलने की क्षमता रखते हैं। यह विधेयक महिलाओं को केवल 'वोट बैंक' समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति-निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित करेगा। नए संसद भवन के पहले सत्र की शुरुआत ही मातृशक्ति को समर्पित रही,जो इस बात का उद्घोष है कि 'नया भारत' अब अपनी बेटियों के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। श्रीमती बागरी ने स्पष्ट किया कि सरकार 2023 के मूल कानून में संशोधन कर रही है ताकि अगली जनगणना और परिसीमन के इंतजार की शर्त को हटाकर इसके क्रियान्वयन की राह आसान की जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2029 के चुनाव तक संसद की 33 प्रतिशत सीटों पर नारी शक्ति की गूँज सुनाई देगी। महिला प्रतिनिधि संसदीय बहसों की गुणवत्ता बढ़ाकर देश के भविष्य का फैसला स्वयं करेंगी। यह अधिनियम भारतीय बेटियों को 'याचक' से 'नायक' की भूमिका में लाकर खड़ा कर देगा।

### नशा माफियाओं पर आईजी का बड़ा प्रहार,कुख्यात तस्कर जस्सा गिरफ्तार



**मैहर।** नशे के खिलाफ जारी मुहिम में आईजी गौरव राजपूत को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात तस्कर जस्सा को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। जस्सा विंध्य क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार का मुख्य संचालक माना जाता था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। आईजी गौरव राजपूत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विंध्य भूमि को नशा मुक्त बनाने तक यह कार्रवाई जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र के नशा माफियाओं के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है, जिसकी स्थानीय जनता ने सराहना की है।

# बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार' के लिये प्रस्ताव 22 मई तक

### वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति बढ़ेगी जागरुकता, सहभागिता की मिलेगी प्रेरणा

**सतना।** वन विभाग द्वारा बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार 2023-24 के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपने नामांकन संबंधित वन मंडलाधिकारी, क्षेत्र संचालक कार्यालय अथवा विभागीय वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों सहित 25 मई 2026 की शाम 5 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार 2023-24 वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण,संवर्धन तथा निजी भूमि में वृक्षा रोपण को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं अधिकारियों,कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर (वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण) और राज्य स्तर (निजी भूमि में वृक्षारोपण) के लिये शासकीय अधिकारियों,कर्मचारियों तथा अशासकीय व्यक्तियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 2 लाख,1 लाख और 50 हजार (प्रशस्ति पत्र सहित) प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर भी समान रूप से विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं,जिससे वन संवर्धन के कार्यों को व्यापक प्रोत्साहन मिल सके।

# नगर पालिका परिषद द्वारा किया गया डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

**नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय रही कार्यक्रम की अध्यक्ष सभी को किया संबोधित**

14 अप्रैल 2026 डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा 136वीं जयंती पर कोतवाली पन्ना के चौराहे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का अनवरण करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पन्ना विधायक व पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिमा का अनावरण किया।







पन्ना।

साथ ही नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, भाजपा अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर पन्ना ऊषा परमार, भाजपा प्रदेष कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम एवं विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय द्वारा भी डॉ. भीमराव जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर अनावरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम नगर पालिका के अभारी है कि जिन्होंने सही समय आज डॉ. भीमराव जी की जयंती के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण कराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने षिक्षा को प्राथमिकता दिया, सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। इंदौर जिले के मऊ में डॉ. साहब का बड़ा स्मारक बना है। तथा उन्होंने महिला सषक्तिकरण की बात भी किया है। महिला षिक्षा के लिए उनके द्वारा प्रोत्साहन दिया गया। पहले मजदूरी 12 घंटे तक थी लेकिन डॉ. साहब के द्वारा प्रावधान किया कि 12 घंटे अधिक होते है इससे मजदूरो का सोषण होता है तथा मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित कराया। तथा देष में षिक्षा का अधिकार उनकी की ही देन है। तथा उनके प्रायासों से ही देष में भेदभाव कम हुआ है। उन्होंने नारा दिया था कि षिक्षित बने संगठित रहो, संघर्ष करो। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के रचईता है जिन्होने दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान बनाया था। समाज में फैली हुई बुराईयों एवं भेदभाव का उन्होनें डटकर मुकाबला किया तथा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने देष को मजबूत कर न्यायपूर्ण अधिकार दिलाया। डॉ. साहब के द्वारा षिक्षा को महत्वपूर्ण हथियार बताया गया। जो व्यक्ति षिक्षित होगा वही समाज के लिए एवं देष के लिए कुछ कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा डॉ. अम्बेडकर जी की कम समय में आज 14 अप्रैल को प्रतिमा का अनावरण कराया गया। तथा हम पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं कलेक्टर पन्ना ऊषा परमार के आभारी है उन्होंने उक्त अवसर पर अपना आमूल्य समय दिया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया। तथा नगर पालिका परिषद पन्ना के सीएमओ द्वारा आभार प्रदर्षन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा नेता रविन्द्र शुक्ल, शषि परमार, कमल लालवानी, राजेन्द्र कुमषवाहा, कैलाष गुप्ता, राजेन्द्र दुबे, रवि पाण्डेय, अल्पेष शर्मा, पूनम यादव, संजय अहिरवार, जिला सीईओ उमाकांत मरावी, संजय सिंह परिहार, भोले गुप्ता, रज्जू जडिया, रत्नेष पटेरिया, आषीष तिवारी, दुर्गेष षिवहरे, नगर पालिका परिषद पन्ना के पार्षदगण तथा सभी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने किया बाबा साहब को कैनवास पर जीवंत, तस्वीर देखकर लोग हुये मुग्ध



**पन्ना।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शाहनगर के विभिन्न आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में छात्राओं और विद्यार्थियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बडे हर्षोल्लाल पूर्ण तरीके के साथ मनाई इस अवसर पर बाबा साहब को समर्पित जीवंत चित्रकला (लाइव पेंटिंग) और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर शाहनगर मुख्यालय के शास० अनू०जाति० सीनियर कन्या छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जहां छात्रावास की आधिक्षिका श्रीमति अनुराधा सिह की मौजूदगी में भारत की शिल्पी डॉ ० भीमराव अंबेडकर की तसवीर पर दीपप्रज्वतमलित पश्चात पुष्प अर्पित किये गये ततपश्चात छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व, उनके विचारों और सामाजिक समरसता को जीवंत कर दिया छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स के माध्यम से समानता, शिक्षा (शिक्षित हो, संगठित हो, संघर्ष करो), और संवैधानिक अधिकारों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रावास की आधिक्षिका श्री मति अनुराधा सिंह ने छात्रों के इस रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि यह सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। यह कार्यक्रम डॉ०अंबेडकर के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने और कला के माध्यम से उन्हें याद करने का एक सशक्त जरिया रहा।

### केन बेतवा लिंक परियोजना प्रभावित ग्रामों से बेदखली कार्यवाही स्थगित



**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू अर्जन अधिकारी पन्ना द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना में अनुविभाग पन्ना के तहत प्रभावित ग्रामों कटहरी बिलहटा, कोनी, मझौली एवं गहदरा में भू अर्जन कार्यवाही एवं मुआवजा वितरण उपरांत भूमि एवं परिसम्पत्तियों की बेदखली कराते हुये अधिग्रहित भूमि रिक्त कराकर इसका कब्जा वन विभाग को सौंपे जाने के लिए 15 अप्रैल से कार्यवाही प्रारंभ करना नियत किया गया था। पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह से उक्त ग्रामों के प्रभावित व्यक्तियों ने इस संबंध में मुलाकात की, जिस पर चर्चा उपरांत भू अर्जन की सर्वेक्षण सूची में छूटे हुये आवासों सहित 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने संबंधी बिन्दु पर 10 दिवस में सर्वे कर जानकारी एकत्र करने के संबंध में क्षेत्रीय विधायक द्वारा जिला प्रशासन को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किये जाने पर उनके निर्देशानुसार अब 10 दिवस में सर्वेक्षण कार्य कराये जाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी, जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू अर्जन अधिकारी पन्ना द्वारा संबंधित ग्रामों में की जाने वाली बेदखली कार्यवाही स्थगित की गई है। 10 दिवस में सर्वे कराकर पुनः जो कार्यवाही चर्चा में आई है निष्चितौर पर कहीं न कहीं कुछ लोगों को इसके लाभ को लेकर तो माना ही जाता है। वहीं केन बेतवां लिंक परियोजना में जहां कई दिवसों से आंदोलन जो चल रहा था क्या उस आंदोलन में इन ग्रामों के प्रभावित हितग्राही भी लांभावित होने को लेकर आंदोलन की दिषा में शामिल हुए थे कि नहीं मामला चाहे जो हो पर पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रषासन को पत्र लिखकर कहीं न कहीं जनहित को प्रमुखता से न्याय की दिषा देने को लेकर कार्यवाही किये जाने को लेकर जो दिषा तय की है।

# अमानगंज में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती, निकली वाहन रैली




अमानगंज।

नगर में भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित भारी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। पूरे मार्ग में बाबा साहब के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। रैली के दौरान डीजे की धुन पर युवक-युवतियां और बच्चे झूमते नजर आए। नीले झंडों, बैनरों और पोस्टरों से सजी यह रैली आकर्षण का केंद्र बनी रही। कई स्थानों पर लोगों ने रुककर बाबा साहब के विचारों और उनके योगदान को याद किया। आयोजन के दौरान अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और आमजन की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने, शिक्षा को अपनाने और समाज में समानता व एकता बनाए रखने का संदेश दिया। पूरा अमानगंज नगर जयंती के रंग में रंगा नजर आया। वही कांग्रेस कमेटी के पार्टी कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस के सामने शोभायात्रा का स्वागत किया।



# सहिलवारा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन

गुनौर।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ग्राम सहिलवारा में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। यहाँ स्थित अंबेडकर प्रतिमा मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने बाबा साहेब को नमन किया। जयंती के उपलक्ष्य में गांव के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे की धुनों और बाबा साहेब के जयघोष के साथ निकली इस यात्रा में युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग नीले झंडों से पट गया। शोभायात्रा जब गांव के विभिन्न हिस्सों से गुजरी, तो ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। इसी कड़ी में पूर्व मंडी डायरेक्टर हीरा सिंह डिघौरा के निवास पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्री डिघौरा और उनके साथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया और शोभायात्रा में शामिल लोगों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा बताए गए शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जसवंतपुरा गांव में बाघ की हलचल, वन विभाग की त्वरित कार्रवाई



**अमानगंज।** पन्ना टाईगर रिजर्व में दिनांक 12/04/2026 को ग्रामवासियों द्वारा बीट गार्ड जसवंतपुरा को सूचना दी गई कि गांव के आसपास एक बाघ ने एक पड़े (पशु) का शिकार किया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया गया। वन अमले ने बाघ को प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद ग्रामवासियों को सुरक्षित दूरी पर रखा तथा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी। बाघ की लगातार निगरानी की गई ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। इसके बाद 13/04/2026 को बाघ को पुनः वन क्षेत्र की ओर खदेड़ने के उद्देश्य से हाथियों की मदद से सर्चिंग अभियान चलाया गया। हालांकि घनी झाड़ियों में छिपे होने के कारण बाघ को उस दिन वन क्षेत्र में वापस नहीं भेजा जा सका। पूरी रात वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में निगरानी जारी रखी। आज 14/04/2026 को सुबह पुनः तीन हाथियों के साथ व्यापक सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन बाघ मौके पर नहीं मिला। घटनास्थल पर बाघ के वन क्षेत्र की ओर जाने के पदचिह्न पाए गए, जिससे उसके सुरक्षित वापस लौटने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान मृत पशु के मालिक द्वारा मुआवजे के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजा राशि प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग द्वारा ग्रामवासियों को सतर्क रहने और बाघ के संभावित विचरण क्षेत्र में न जाने की सलाह दी गई है। वर्तमान में वन अमला क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए है। वन विभाग की इस पूरी कार्यवाही में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देखने को मिली, जिससे स्थिति नियंत्रण में बनी रही।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय मनाया गया



देवेन्द्रनगर।

शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वावधान में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ष्नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। 10 से 25 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक एवं लौकिक मङ्गलाचरण के साथ हुआ तथा अतिथियों का अङ्गवस्त्र अर्पित कर स्वागत किया गया। संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने सभी अतिथि वक्ताओं का वाचिक स्वागत तथा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य लक्ष्य समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें उनके कानूनी व संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में आमन्त्रित वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किये जिसमें श्रीमती शिवांगी गुप्ता (अध्यक्ष, नगर परिषद् देवेन्द्रनगर) ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और स्थानीय स्तर पर महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को निखारने पर बल दिया। श्रीमती सीमा चौरसिया (प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय) ने शैक्षणिक दृष्टिकोण से महिलाओं की आत्मनिर्भरता और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। श्रीमती रीना पाण्डेय ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध महिलाओं को एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए सजग रहने तथा अपने चरित्र को सुदृढ़ रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 पर विशेष व्याख्यान के माध्यम से अधिनियम की बारीकियों, इसके महत्व और विधायी संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ.शालिग्राम मिश्र ने तथा डॉ. दिनेश राय ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में श्रीमती सपना यादव पार्षद, श्रीमती सुशीला वर्मा पार्षद, श्रीमती सम्पत कुशवाहा पार्षद, सुखवेन्द्र कुमार गौतम, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. ध्रुव कुमार पाण्डेय, डॉ. शालिग्राम मिश्र, ललित गुप्ता, पी.एल. जमरा, अवधेश बागरी, राजाबाबू, रुद्रेश, इदरीश, सोनू, दीपेन्द्र सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम राजापुर में अंबेडकर जयंती पर शिक्षा समानता एवं नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प



**दवेन्द्रनगर।** ग्राम राजापुर में 14 अप्रैल को भारत रत्न भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं सामाजिक न्याय के प्रखर पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई कार्यक्रम में ग्रामवासियों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली जिससे सामाजिक जागरूकता एवं एकता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी संतोष यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डॉ. जैन ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, दृढ़ संकल्प एवं ज्ञान के प्रति अटूट समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है उन्होंने विपरीत सामाजिक परिस्थितियों और विषमताओं का सामना करते हुए शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और विश्व के अग्रणी विद्वानों में अपना स्थान स्थापित किया उन्होंने अनेक विषयों में गहन अध्ययन कर उच्चतम शैक्षणिक उपलब्धियाँ प्राप्त कीं तथा भारतीय संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समानता स्वतंत्रता एवं न्याय के मूल अधिकार प्रदान किए। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन हेतु सक्रिय भूमिका निभाएँ विशेष रूप से उन्होंने नशामुक्ति को सामाजिक विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज की प्रगति में भी बाधक सिद्ध होता है। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में अंधविश्वासों से दूर रहकर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी संतोष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है उन्होंने नशाखोरी जुआ एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेटूलाल चौधरी ने अपने वक्तव्य में बाबा साहब के संघर्षमय जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अध्ययन के प्रति समर्पित रहें, नशे से दूरी बनाए रखें तथा शासकीय सेवाओं में प्रवेश कर अपने ग्राम एवं समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सचिव द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों महिलाओं युवाओं एवं बच्चों की व्यापक उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक सफल एवं सार्थक बना दिया।

# शादी का झांसा देकर 6 साल तक दुष्कर्म, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

अमानगंज

पुलिस की त्वरित कार्रवाई, न्यायालय में पेश कर भेजा जेलअमानगंज (पन्ना), 14 अप्रैल 2026 थाना अमानगंज क्षेत्र में महिला संबंधी गंभीर अपराध के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर करीब 6 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है।क्या है मामला?प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अप्रैल 2026 को पीड़िता द्वारा थाना अमानगंज में शिकायत दर्ज कराई गई कि आरोपी शिवशंकर पटेल (निवासी द्वारी/हनुमतपुरा) ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म किया।शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 192/26, धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने दिखाई तत्परतापुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।अमानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इनका रहा अहम योगदानइस सफल



कार्रवाई में पुलिस टीम के निम्न अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रहीःराजीव सिंह भदौरिया (एसडीओपी, गुनौर),रवि सिंह जादौन (थाना प्रभारी),प्रियंका राजपूत (उप निरीक्षक),राघवेन्द्र प्रधान (सउनि),शिवम शर्मा (प्रधान आरक्षक),जानकी (महिला प्रधान आरक्षक),कल्पना (महिला प्रधान आरक्षक),अखिलेश पाल (आरक्षक),इन्द्रपाल यादव (आरक्षक)।

## खबर संक्षेप

### छतरपुर में भव्य जुलूस के साथ मनाई गई डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती



**छतरपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को छतरपुर शहर में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। सुबह से ही शासकीय और अशासकीय संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और योगदान को याद किया। इस अवसर पर महोबा रोड से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुराने पन्ना नाका स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। जुलूस में गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी जुलूस में शामिल हुए, जिससे पूरा आयोजन और अधिक भव्य और रंगीन हो गया। प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के बाद मेला ग्राउंड में सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, संविधान निर्माण और समानता के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा लोगों को उनके संदेशों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर जुलूस का स्वागत भी किया गया।

### 120 विद्युत उपभोक्ताओं से वसूले सवा 4 लाख, कैंप लगाकर वसूली



**बिजावर।** विद्युत संभाग अंतर्गत विद्युत बकायदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बिजली विभाग बिल की राशि वसूल रहा है। महत्वपूर्ण है कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहद कम बिल आने के बावजूद लोग बिल की राशि देने में आना कानी कर रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल की वसूली की जा रही है।इस दौरान 120 उपभोक्ताओं से करीब सवा 4 लाख रुपये की वसूली की गई। कार्यपालन अभियंता सर्वेश शुक्ला ने बताया कि गांव-गांव और घर-घर जाकर विद्युत बकायदारों से बिल की वसूली की जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की चेतावनी के बावजूद बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई भी की। शत-प्रतिशत बकायेदारों वाले क्षेत्र की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद कर दी गई जिससे अन्य उपभोक्ताओं में भी जागरूकता देखने को मिले। श्री शुक्ल के मुताबिक 115 कनेक्शनधारियों पर करीब साढ़े 5 लाख रुपये का बकाया था। लगातार नोटिस देने के बावजूद भुगतान न करने पर सभी के कनेक्शन काट दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और समय पर बिल जमा न करने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने बिजली बिल जमा कर अनावश्यक परेशानी से बचें।

### ट्रैफिक सिग्नल्स दुरुस्त यातायात में होगा सुधार

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कटाए घाट मोड़ माधव नगर एवं पन्ना मिड स्थित ट्रैफिक सिग्नल्स की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सिग्नल्स में तकनीकी खराबी के चलते इस व्यस्त चौराहे पर यातायात प्रभावित हो रहा था, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा ट्रैफिक सिग्नल की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। नगर निगम एवं संबंधित तकनीकी अमले द्वारा संयुक्त रूप से सिग्नल्स की खराबी का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य किया गया।

### कलेक्टर पार्थ जैसवाल बोले-अंबेडकर जयंती और नारी शक्ति अभियान का समागम है आज का दिन

# बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर छतरपुर में जिला स्तरीय समागम



**छतरपुर।** भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्मजयंती के अवसर पर मंगलवार को शहर के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। छतरपुर विधायक ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री एवं नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा नेतृत्व का अधिकार

मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके संघर्ष और शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने लाड़ली बहना और मातृ वंदना जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बहनों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है।

शिक्षा और समानता ही समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता और न्याय दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वहीं, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने बाबा साहेब को सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों का अग्रदूत बताया। दोनों ही वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह को बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन दो महत्वपूर्ण आयोजनों—आंबेडकर जयंती और नारी शक्ति अभियान पखवाड़ा—का अद्भुत समागम है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस पखवाड़े में महिला एवं बाल विकास विभाग सुनिश्चित करे कि 6 वर्ष तक का कोई भी बच्चा आंगनवाड़ी की सेवाओं से वंचित न रहे। सभी विभागों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिसमें संबल योजना में 6 दिवंगत हितग्राहियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये एवं एक स्थाई दिव्यांग हितग्राही को 1 लाख रुपये (कुल 13 लाख) के स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए।

लाड़ली लक्ष्मी योजना में 14 बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए।एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 22 हितग्राहियों को वृद्धावस्था एवं निःशक्तजन पेंशन के स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, छतरपुर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाड़ली बहनाएं, बालिकाएं और नागरिक उपस्थित रहे।

## रिक्शा चालक से वसूली का विरोध पड़ा भारी, कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

### शिकायत करने पर दबंगों ने किया हमला, युवक के सिर पर गहरी चोट, टांके लगे



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के कोरणन गांव में ई-रिक्शा चलाने वाले एक युवक से वसूली का विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ जानलेवा हमला कर दिया। मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती 23 वर्षीय पुरुषोत्तम विश्वकर्मा नामक युवक ने बताया कि रास्ते में कुछ दबंग उससे पैसे मांग रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उसने इसकी शिकायत बमीठा थाने में कर दी। शिकायत से नाराज होकर आरोपियों ने बाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। हमले में पुरुषोत्तम के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसे टांके लगाने पड़े। घायल युवक को उसके परिजनों ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

### सड़क हादसे में जीतेन्द्र सिंह बुंदेला ने तोड़ा दम, पोस्टमार्टम जारी



**छतरपुर।** मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बमीठा थाना क्षेत्र के कदोहा गांव निवासी जीतेन्द्र सिंह बुंदेला सुबह करीब 10:30 बजे पड़रिया के पास सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बुजुर्ग को गंभीर चोटें आईं और वे मौके पर ही बेहोश हो गए।परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में इस घटना से गहरा शोक व्याप्त है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रख दिया गया है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मामला दर्ज कर लिया है और ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। बमीठा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### युवक से की गई मारपीट, अस्पताल में भर्ती; गांव के चार युवकों पर आरोप



**छतरपुर। शहर में एक युवक के साथ गांव के कुछ युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सतीश नामक युवक का किसी बात को लेकर लखन, छोटू, राकेश और मनोज से कहा-सुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने सतीश पर हमला कर मारपीट कर दी।**

इस घटना में सतीश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित सतीश ने बताया कि घटना के बाद उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## पराली जलाने की लापरवाही, खेतों में लगी आग से पेड़-पौधे जले, कई घरों को पहुंचा नुकसान

**छतरपुर।** जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत देरी गांव के खेतों में पराली जलाने से लगी आग ने खेतों के साथ-साथ आसपास के पेड़-पौधों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज फैलीं कि कई घरों तक पहुंच गई और उनमें भी आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि पराली जलाने की घटना प्रशासन की सख्त मनाही के बावजूद लगातार हो रही है, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है।

घटना देरी गांव के खेतों में हुई, जहां किसानों द्वारा पराली जलाए जाने के कारण आग ने भयानक रूप ले लिया। खेतों में लगे पेड़-पौधे जलकर राख हो गए, जबकि आग की लपटों ने आसपास के कई घरों को भी प्रभावित किया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। हालांकि, आग की वजह से फसल, पेड़-पौधों और मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है।



जानकारों का कहना है कि पराली जलाना पर्यावरण के लिए घातक है और इससे न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है बल्कि आग लगने की घटनाएं भी आम हो रही हैं। प्रशासन ने पहले ही पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है और किसानों को वैकल्पिक तरीके अपनाने की सलाह दी है, लेकिन देरी गांव सहित क्षेत्र में यह प्रथा अभी भी जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

### 5 वर्ष से फरार 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना राजनगर अंतर्गत वर्ष 2021 के मप्र गोवंश वध प्रतिषेध अधि. एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधि. प्रकरण के फरार आरोपी छोटे यादव पिता रजवा यादव निवासी ग्राम घुमानगंज थाना अजयगढ़ जिला पन्ना, लाला उर्फ पुष्पेंद्र यादव पिता राजू यादव निवासी वार्ड नंबर 2 पन्ना नाका उमरी थाना सिविल लाइन जिला सतना, कैलाश चंद्र पिता राधा किशन साहू निवासी धान मंडी पतासा गली जिला मंदसौर, उत्तम उर्फ राजेश पिता धर्मराज कुशवाहा निवासी गढिय़ा टोला वार्ड नंबर 3 थाना सिविल लाइन जिला सतना को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पूर्व में आरोपी मिराज उर्फ मेहराज अहमद पिता असलम अहमद निवासी ग्राम अपसलिया कमलपुर जिला कानपुर देहात उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया था।

### बाबा साहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती पर छतरपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**छतरपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर छतरपुर के पन्ना नाका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बीजेपी नेत्री अंकिता विश्वकर्मा, बॉबी राजा गठेवरा, अवधेश यादव, गिरजा पाटकर एवं देवेंद्र अनुरागी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने और देश के संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

### 3 साल से स्थापना का इंतजार कर रही डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा



**बकस्वाहा।** नगर परिषद बकस्वाहा परिसर में रखी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पिछले करीब 3 वर्षों से स्थापना का इंतजार कर रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रतिमा अब तक कपड़े से ढकी हुई है, और उसे ढकने वाला कपड़ा भी समय के साथ खराब होकर गिरने लगा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा।जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव से पहले नगर परिषद द्वारा प्रतिमा को स्थापित करने के उद्देश्य से मंगवाया गया था। उस समय इसे जल्द ही स्थापित करने के दावे भी किए गए थे, लेकिन समय बीतने के साथ ये वादे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गए।

## रेलवे स्टेशन पर सेवानिवृत्त इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या



**छतरपुर।** जिले से एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है। शहर के महावीर कॉलोनी निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त इंजीनियर अरुण कुमार अग्रवाल ने कथित तौर पर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब वे घर से निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंचे और महामना एक्सप्रेस के सामने कूद गए।

मृतक के साले भरत भूषण अग्रवाल के अनुसार, अरुण कुमार अग्रवाल लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और इसी कारण वे मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि बीमारी से उत्पन्न अवसाद के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जो जिला कलेक्टर के नाम लिखा गया है। नोट में मृतक ने अपनी बीमारी और उससे जुड़ी परेशानियों का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया है कि इस कदम के लिए किसी अन्य व्यक्ति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए।

### पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में चयनित 3 अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



**छतरपुर।** पुलिस लाइन छतरपुर में विगत वर्षों से पुलिस परिवार के छात्र-छात्राओं के अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी के उद्देश्य से दिशा लर्निंग सेंटर संचालित किया जा रहा है। इस सेंटर में वातानुकूलित कक्ष, कंप्यूटर सिस्टम, आवश्यक अध्ययन सामग्री एवं मार्गदर्शन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। समय-समय पर पुलिस अधिकारियों द्वारा लर्निंग सेंटर का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया जाता है तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। दिशा लर्निंग सेंटर से अध्ययनरत छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, जिन्हें समय-समय पर सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के अंतर्गत लिखित एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में दिशा लर्निंग सेंटर से अध्ययनरत पुलिस परिवार के 3 अभ्यर्थी शिवम मिश्रा (आरक्षक संकेत नायक के भाई) हर्षिता खरे (आरक्षक दुर्गेश खरे की भांजी) कुलदीप यादव (आरक्षक ब्रजराज यादव के भाई) चयनित हुए हैं। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा उपरोक्त तीनों चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अभ्यर्थियों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सहभागिता हेतु मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी आज से प्रारंभ होगी

रीवा। शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जायेगी। रीवा जिले में भी निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू की खरीदी प्रारंभ होगी। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिये हैं सीमावर्ती राज्य की सीमा में नाका लगाकर सतत निगरानी रखी जाय ताकि किसी भी स्थिति में बाहर का गेंहू जिले में विक्रय के लिए न आने पाये। उन्होंने कहा कि उपार्जन गतिविधि में किसी भी संभावित अनियमितता को रोकने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम की है अतः इस पर कड़ी निगरानी रखी जाय।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में है एंटी रेवीज इंजेक्शन

रीवा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया है कि रीवा जिले में रेवीज रोग के बचाव के लिए एंटी रेवीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह इंजेक्शन उपलब्ध है। इंजेक्शन के एक वायल से कुत्ता काटने से पीड़ति व्यक्तियों को इंजेक्शन लगाये जा सकते है। इसके साथ टिटनेस से बचाव का भी इंजेक्शन दिया जाता है। एक अप्रैल 2026 से 14 अप्रैल तक रीवा और मऊगंज जिलों में 3294 वायल इंजेक्शन उपलब्ध रहा। इस अवधि में विकासखण्ड नईगढ़ी में 300 मऊगंज में 361 तथा हनुमना में 163 वायल उपलब्ध रहा। रीवा जिले में विकासखण्ड गंगेव में 414, रायपुर कर्चुलियान में 163, गोविंदगढ़ में 302, त्योंथर में 401, सिरमौर में 307, जवा में 372 तथा जिला अस्पताल में 1800 वायल उपलब्ध हैं। एंटी रेवीज इंजेक्शन की उपलब्धता न होने संबंधी समाचार पूरी तरह से तथ्यहीन है। जिले में इसकी किसी भी तरह की कमी नही है।

### आम्बेडकर जयंती पर रीवा केंद्रीय जेल से 13 आजीवन कैदी रिहा



रीवा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रीवा केंद्रीय जेल से 13 आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को रिहा किया गया। इन कैदियों की रिहाई शासन की मंजूरी मिलने के बाद की गई, जिससे उनके जीवन में एक नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त हुआ। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इन सभी कैदियों ने हत्या के मामलों में सजा काटते हुए 14 वर्ष का वास्तविक कारावास पूर्ण कर लिया था। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा 6 वर्ष की सजा में माफी दिए जाने के बाद उनका कुल कारावास अवधि 20 वर्ष पूर्ण हो गई थी, जिसके आधार पर उनकी रिहाई का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेजा गया था। आम्बेडकर जयंती के अवसर पर शासन स्तर से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद मंगलवार को सभी 13 कैदियों को औपचारिक रूप से रिहा कर दिया गया। रिहाई के दौरान जेल प्रशासन द्वारा सभी कैदियों को रिहाई प्रमाण पत्र के साथ-साथ जेल में श्रम के माध्यम से अर्जित की गई राशि की पासबुक भी प्रदान की गई। जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय ने बताया कि जेल में रहते हुए इन कैदियों को विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण दिए गए हैं, जिससे वे बाहर निकलकर स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका चला सकें। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्यधारा से जुड़ना ही इनकी वास्तविक पुनर्वास प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि रिहा हुए कैदियों के पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए संबंधित जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायतों को पत्र प्रेषित किया गया है, ताकि उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

## अवैध उत्खनन से जिले में बिगड़ रही जंगल जमीन पर्यावरण एवं ग्रामीणों की सेहत

# कानून कायदे की अनदेखी, नहीं रूक रहा खनिज का अवैध कारोबार

*मऊगंज*

**जिले के जंगली क्षेत्र में खनिज माफिया का अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन द्वारा खनिज माफिया के कारोबार में नकेल कसने के उद्देश्य से की गई कई बड़ी कार्यवाहियों के बाद भी जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से पत्थर-पटिया के उत्खनन का कारोबार फल फूल रहा है।**

जिले के मऊगंज तहसील के अंतर्गत सीतापुर बहेराडाबर, हर्रहा, हनुमना तहसील के अंतर्गत सरदमन जड़कुड़ पिपराही लोढ़ी गौरी बसिगड़ा और नईगढ़ी तहसील के अंतर्गत शिवराजपुर आदि अन्य गांवो के जंगली क्षेत्र में खनिज के सौदागर अवैध रूप से खनिज संपदा का दोहन कर काली कमाई में जुटे हुए हैं। जंगल में खनिज माफिया के नियम विरुद्ध चल रहे पत्थर उत्खनन, क्रेशर एवं पत्थर ब्लास्टिंग से लोगों का जीना हराम है। पत्थर उत्खनन के लिए खनिज माफिया द्वारा खुलेआम हैवी ब्लास्टिंग की जाती है जिससे न केवल आसपास निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे खतरा बना रहता है बल्कि जंगली जानवर अपना आशियाना छोड़ गांव की ओर रुख कर रहे हैं जिले के हनुमना लोढ़ी पिपराही से लेकर सीतापुर जंगली क्षेत्र में बेस कीमती पत्थर अब ग्रामीण जनता के लिए खनिज माफिया के कारण अभिशाप बन गया है। प्राकृतिक संपदा से धनी जिला का यह क्षेत्र एक दशक पहले हरा भरा हुआ करता था, लेकिन कुछ वर्षों पहले अचानक से इस क्षेत्र में मौजूद पत्थर पर खनिज माफिया की नजर पड़ी तो धीरे-धीरे इस पूरे जंगली क्षेत्र में जगह-जगह स्टोन क्रेशर और पत्थर खदानें संचालित होने लगी और इस तरीके से इलाके में दो दर्जन से अधिक स्टोन क्रेशर पूरे क्षेत्र को दीमक की तरह खोखला करने में लग गए। प्रकृति प्रदत्त पहाड़ों के बीच बसे कई गांव अब जानलेवा खदानों में तब्दील होकर शुद्ध वायु की जगह विषाक्त वायु बाला क्षेत्र हो चुका है।



### प्रदूषण के कारण लोगों का जीना हुआ हराम

जिले के हर्रहा पिपराही सरदमन सीतापुर लोढ़ी जैसे गांव की जमीनी स्थिति देखी जाए तो इन दिनों इस क्षेत्र में दिन-रात क्रेशर प्लांट संचालित हैं और दिन-रात पत्थरों की माइनिंग होती है जो पत्थर कल तक इस गांव के लिए प्रकृति का तोहफा था आज वही पत्थर इस गांव के लिए अभिशाप बन गया है। जिले के दुधमनिया, मलकपुर, हर्रई गुजरान, केसरा पहाड़ गांव के लोग पलायन को मजबूर हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर आबादी पलायन कर चुकी है और क्रेशर से उड़ने वाली जानलेवा विषाक्त धूल के कारण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों के लोग दमा स्वांस टीवी जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

### खनिज सौदागरों के साथ विभाग भी वर्तमान हालात के जिम्मेदार

जिले के जंगली क्षेत्र में नियम कानून को दरकिनार कर चल रही पत्थर खदानें एवं क्रेशरों के कारण निर्मित हालत के जिम्मेदार अकेले खनिज माफिया नहीं है, बल्कि खनिज विभाग एवं स्थानीय प्रशासन हैं जिन्होंने मिलकर इस गांव को तबाही की ओर धकेल दिया। वर्तमान में इन क्षेत्रों में एक नहीं दर्जनों पत्थर खदानें एवं क्रेशर संचालित हो रहे हैं जो पर्यावरण एवं माइनिंग नियमों के विपरीत चल रहे हैं, जो न केवल धरती की कोख छलनी कर वन संपदा को उजाड़ने में लगे हुए हैं बल्कि प्रकृति द्वारा प्रदान शुद्ध वातावरण को भी प्रदूषित करने में उतारू है।

### ग्रामीणों ने कहा: शासन प्रशासन पर भारी पड़ रहे माफिया

क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा खनिज कारोबारियों द्वारा नियम कायदों को दरकिनार कर स्टोन क्रेशर और खदानों के संचालन में मनमानी इस कदर है कि ना ही ब्लास्टिंग का कोई समय निर्धारित है और ना ही कोई दिन।मनमानी तरीके से ब्लास्टिंग के कारण खदान से उड़ने वाले पत्थर सीधे ग्रामीणों के घरों में जाकर गिरते हैं जिसके कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं लेकिन हम लोगों की समस्याओं को आज तक ना तो सुना गया और ना ही खनिज माफिया पर कठोर कार्यवाही की गई। गांव वालों का कहना है कि यहां पर मौजूद जल जंगल जमीन माफिया सरकार और ईश्वर दोनों से बड़े हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहां खनिज माफिया हमें जीने नहीं दे रहे हैं और अगर ऐसा ही चलता रहा तो हम गांव वालों को गांव को छोड़कर जाना पड़ेगा।

### पत्थर पटिया से भरे ट्रैक्टर की चपेट मे आने से एक युवक की मौत

जिले के हनुमना थाना अंतर्गत हाटा चौकी क्षेत्र के लोढ़ी गांव मे पत्थर पटिया से भरे ट्रैक्टर की चपेट मे आने से एक युवक की घटनास्थल मे ही मौत हो गई सूचना मिलते ही हाटा चौकी पुलिस घटनास्थल मे पहुंच गई मामले की गंभीरता को देखते हुए हनुमना थाना प्रभारी अनिल काकड़े अपने दलबल के साथ पहुंचकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचवाये और आगे की कार्रवाई जारी है।



# जिले में बढ़ने लगी तपन, 40 डिग्री को छू

**रीवा।** धीरे-धीरे गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। परा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। दोपहर के समय तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। दोपहर 12 बजे के बाद शहर की प्रमुख सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है, कई सड़कों पर तो सन्नाटा पसरा नजर आता है। बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दे रही है। लोग जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं और जल्द से जल्द अपने घर लौट रहे हैं। तेज गर्म हवाओं के चलते सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को हो रही है। सिर ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर निकलना उनकी मजबूरी बन गया है। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाकर रखें। बताया जा रहा है कि तापमान लगातार बढ़ते हुए क्रम में है जो जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।देशी फ्रिज की डिमांडगर्म हवाओं के चलते जहां लू से बचने लोग गमछे का प्रयोग कर रहे है, वहीं देशी फ्रिज मिट्टी के घड़ों की डिमांड भी बढ़ गई है। गर्मी के चलते सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, रिक्शा चालकों और राहगीरों को झेलनी पड़ रही है। लोग सिर ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# रीवा एयरपोर्ट के रनवे विस्तार की फाइल गई भोपाल, कैबिनेट से स्वीकृति का इंतजार, रनवे में 830 किसानों की फंस रही जमीन, 140 एकड़ अधिग्रहित होगी

रीवा।






एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए जमीन अधिग्रहणा की पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जमीनों का चिन्हांकन और खसरा की जानकारी जुटाने के बाद प्रस्ताय भोपाल भेज दिया गया है। दो गांव के 830 किसानों की जामीन फंस रही। 140 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी। अब कैबिनेट में स्वीकृति के बाद अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आपको बता दें कि रीवा में एयरपोर्ट की शुरुआत हो गई है। वर्तमान समय में 1800 मीटर लंबा रनवे बना हुआ है। इस रनवे में छोटे विमान यानि एटीआर 78 आसानी से उतर रहे हैं। अब इन विमानों की सफलता के बाद डिप्टी सीएम के प्रयास सो केन्द्रीया उड्डयान मंत्री ने इसके विस्तार को हरी झंडी दे दी है। रीवा एयारपोर्ट का रनये लंबा कर 2300 मीटर का किया जाना है। सीएम ने भी हरी झंडी दिखा दी थी। सीएम और केन्द्रीय मंत्री की घोषणा के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शुरुआती दौर में 2300 मीटर के दायरे में आने वाली जमीन, घर मकान और दुकान को चिन्हित किया गाया। सीमांकन और चिन्नाांकन की कार्रवाई की गई। सभी जमीनों के खसरा नंबर और भू स्वामियों के नाम एकत्र किए गए। किस खसरा नंबर की कितनी जमीन फंस रही है। यह सारी जानकारी जुटाने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर के सामने प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने अगली प्रक्रिया के लिए जानकारी मप्र शासन को भेज दी है। अब कैबिनेट से स्वीकृति मिलनी का इंतजार किया जा रहा है।सबसे अधिक चोरहटा के फंस रहे किसानरनवे विस्तार में सबसे अधिक जमीन और किसान चोरहदा के फंस रहे हैं। चोरहटा की करीब 90 एकड़ जमीन रनवे में जाएगी। 560 किसाना और भूस्वामी प्रभावित होंगे। इसमें एकड़ वाली कृषि भूमि कम है लेकिन डयवर्सन लैंड अधिक है। छोटे रकवा की संख्या ज्यादा होने से मुआवजा श अधिक बनेगा। इसी तरह उमरी में 50 एकड़ जमीन फस रही है। 270 भूस्वामी और किसान फंस रहे हैं। यहाँ भी चोरहटा जैसे ही हलात है।खसरा नंबर प्रकाशन के बाद अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू होगीहवाई अड्डा में रनवे विस्तार में दो गांव की जमीन फस रही है। इसमें चोरहटा और उमरी गांव शामिल हैं। चोरहतटा की अधिक जमीन फंस रही है। प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा गया है। अब यही प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद रनवे विस्तार में फंस रही जमीनों का प्रकाशन किया जाएगा। प्राकाशन के बाद ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी।एयरपोर्ट के विस्तार में शामिल जमीनों की खरीद, बिक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर रोकरीवा एयरपोर्ट के विस्तार का मास्टर प्लान मंजूर करते हुए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए ग्राम उमरी और चोरहटा की 140 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इस जमीन की खरीद विक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने प्रतिबंध के आदेश दिए है। इस संबंध में एसडीएम डॉ. तिवारी ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट के विस्तार के प्रस्ताव को भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा मंजूर कर लिया गया है। इसके सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण शुरू होने के बाद ग्राम उमरी और चोरहटा की जमीनों की खरीद विक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर रोक लगाई गयी है। मुआवजे में अतिरिक्त राशि व्यय होने को रोकने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

# डॉ अंबेडकर ने कहा था कि संविधान को क्रियान्वित करने वाले लोग अच्छे होंगे तभी उसका लाभ मिलेगा, स्वतंत्रता समानता न्याय और भाईचारा के प्रबल पक्षधर थे डॉक्टर अंबेडकर : अजय खरे

रीवा ।

सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ,भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार प्रारूप समिति के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय स्वयंवर बारातघर के सभाकक्ष में नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान, समाजवादी कार्यकर्ता समूह, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं भारत तिब्बत मैत्री संघ के संयुक्त तत्वावधान में गीता महंत की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे जन्म शताब्दी वर्ष व्याख्यान माला आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन नारी चेतना मंच की अध्यक्ष साक्षी मोटवानी महंत ने किया। संगोष्ठी की शुरुआत में उपस्थित जनों ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ आंबेडकर के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक क्रांति के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय संविधान सभा के सपनों को साकार करते हुए दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधान को भारत के लोगों को समर्पित किया। 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने यह चेतावनी दी थी कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे लागू करने वाले लोग (राजनेता/प्रशासन) बुरे होंगे, तो संविधान अंततः बुरा साबित होगा। उन्होंने सामाजिक-आर्थिक असमानता खत्म करने और केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि



सामाजिक लोकतंत्र (स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व) स्थापित करने पर जोर दिया। संगोष्ठी को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने भारतीय संविधान को संजोने एवं उसे अंतिम रूप देने में अहम भूमिका अदा की। भारतीय संविधान में देश की आजादी के आंदोलन से निकले हुए मूल्यों को बखूबी आत्मसात किया गया। सामाजिक न्याय बंधुत्व स्वतंत्रता भाईचारा जैसी बातों के समावेश से संविधान का व्यापक रूप सामने आया। देश के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के बावजूद संविधान में देश में रहने वाले सभी लोगों का बराबरी से ध्यान रखा गया। सदियों से दबाए और सताए गए लोगों को संरक्षण देने का प्रावधान भी बनाया गया। डॉ अंबेडकर ने तिब्बत पर चीन की गलत नजर को लेकर तत्कालीन सरकार को आगाह किया था। उनका हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म में जाना जाति व्यवस्था की विसंगतियों के खिलाफ विद्रोह था। डॉ अंबेडकर सामाजिक समरसता के पक्षधर थे। भारतीय समाज में नफरत फैलाने वाले तत्वों को उन्होंने कभी पसंद नहीं किया। उन्होंने सभी को समान शिक्षा देने की बात पर जोर दिया। वे समाज में स्वतंत्रता समानता भाईचारा की भावना को विकसित करते हुए भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता के लिए समर्पित थे। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, डॉ सुरेंद्र मिश्रा, शेषमणि शुक्ला, नरेंद्र तिवारी,नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री मीरा पटेल, नजमुन्निशा, डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट,दीपक गुप्ता एडवोकेट, इतवरिया चंदेल, गीता महंत , साक्षी महंत, प्रेम नाथ जायसवाल, एकलव्य रजक , पाखी रजक आदि की भागीदारी रही।

# बाबा साहब के विचारों को जीवन में उतार कर प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें - सांसद

## जिले भर में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती

रीवा । भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गयी। रैलियाँ निकाल कर तथा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने उनका नमन किया गया। जिला स्तरीय समारोह शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जीवन भर मानवीय गरिमा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए शिक्षा की ज्योति जलाई। जब बाबा साहब का जन्म हुआ तब देश कई कुरीतियों और सामाजिक बुराईयों से ग्रस्त था। बाबा साहब ने कठिन संघर्ष करके उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने विदेश जाकर डाक्टरेट की डिग्री ली। बाबा साहब ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुये अंग्रेजों से कड़ा संघर्ष किया। अंग्रेजों की भारतवासियों के आर्थिक शोषण को उजागर करने के लिए बाबा साहब ने आर्थिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। बाबा साहब ने अपने विचारों और कार्यों से देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिदृश्य में बदलने का प्रयास किया। सांसद ने कहा कि बाबा साहब के प्रयासों से ही संविधान को सही आकार मिला। उनके विचार आज भी प्रासांगिक है। बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में उतार कर आप सब प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। बाबा साहब



के स्वच्छता के आदर्शों को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने समग्र स्वच्छता अभियान के माध्यम से मूर्तरूप दिया है। यह मानवीय गरिमा के लिए बहुत बड़ा और सफल प्रयास है। बाबा साहब ने महिलाओं की शिक्षा और संपत्ति में अधिकार के लिए भी संघर्ष किया। नई पीढ़ी बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा ले और नशामुक्त भारत अभियान योगदान दे तभी बाबा साहब का सपना साकार होगा। समारोह में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के ज्ञान के प्रकाश से पीढ़ियाँ आलोकित हैं। मानव के विकास का आधार शिक्षा है। बाबा साहब ने कठिन संघर्ष करके कोलंविया विश्व विद्यालय से कानून में डाक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। बाबा साहब ने देश के संविधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से महिलाओं और वंचित वर्ग को कई अधिकार मिले। भारत रत्न बाबा साहब किसी एक वर्ग या जाति के नहीं बल्कि पूरे देश के रत्न हैं। जहां सूरज की रोशनी भी नहीं पहुंच पाती वहां भी बाबा साहब के विचारों की रोशनी है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयंती हम सब के लिए ऐतिहासिक दिन है। उनका जीवन महामानव जैसा है। बाबा साहब ने संविधान देकर गरीब और वंचितों को जीने की राह दिखाई। बाबा साहब के लिए संविधान से गरीबों को और देश को विकास का मौका मिला। समारोह में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं तथा छात्रावास की छात्राओं ने मधुर स्वागत गीत तथा आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में छात्रा प्रमिला बंसल ने बाबा साहब के जीवनवृत को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। समारोह में सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। छात्रा विन्ध्यांचल कोल ने अपने विचारों से बाबा साहब का नमन किया। समारोह में नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य डॉ. के.के. पाण्डेय, प्राचार्य विभा श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में छात्रायें और आमजन उपस्थित रहे। समारोह का संचालन कन्या परिसर के प्राचार्य आरके तिवारी ने किया। समारोह का समापन मंडल संयोजक रूचि तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ।

# पन्नी-पथरिया में भीषण सड़क हादसा: खड़े ट्रेलर से टकराईं दो बाइक, 3 युवकों की मौत; 2 गंभीर

मऊगंज




मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए मोबाइल से रील बना रहे थे।

मऊगंज थाना क्षेत्र के पन्नी–पथरिया नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, पल्सर 220 बाइक पर सवार तीन युवक तेज रफ्तार में चलते हुए मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक (टीवीएस अपाचे) भी असंतुलित होकर ट्रेलर से टकरा गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान उपलक्ष कोल (17), अमरीश कोल (22) और हेमराज कोल (17) निवासी बेला, थाना लौर के रूप में हुई है। वहीं घायलों में प्रशांत द्विवेदी (19) और प्रदीप द्विवेदी (17) निवासी चितईपुरवा पिपरा शामिल हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रीना सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल मऊगंज भेजा गया। पुलिस को मृतकों के पास से संदिग्ध गन लाइटर भी मिला है। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक को जब्त कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।